## गर्मी, हवा के बीच बिगड़े मौसम के मिजाज

# दिनभर तेज धूप के बाद शाम को पड़ी तेज बौछारें

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गर्मी के मौसम में बारिश और हवा के गठजोड़ से मौसम के मिजाज बदल गये हैं। दिनभर मौसम खुला रहा। तेज धूप रही पारा भी 37 डिग्री के पास रहा, लेकिन शाम 5.30 बजे के बाद अचानक बादल छाए और बारिश होने लगी। लगभग 5 मिनिट तक पानी की बौछारों बाद मौसम खुलते ही उमस ने हमला कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। पश्चिमी विक्षोप की वजह से छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है और हवा में नमी बन गई है सोमवार की देर रात 2 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हुई बारिश के बाद पश्चिमी-विक्षोभ ने मध्यप्रदेश को अपने घेरे में ले लिया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश में वायुमण्डल पर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 57 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.07 और न्यूनतम तापमान 20.09 दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 43.0 डिग्री तापमान खरगौन में दर्ज किया गया। सूर्योदय 5.34 पर और सूर्य अस्त 6.40 पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकतीं हैं।



फाइल फोटो

## सालसा द्वारा आयोजित 21 दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान दी जायेगी कानूनी जानकारियां

# विधि छात्र-छात्राओं का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ मंगलवार 05 मई 2026 को किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव कु. सुमन श्रीवास्तव ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विधि के छात्र विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न पहलुओं को समझ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह इंटर्नशिप विधि के व्यावहारिक पक्षों को सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उप सचिव अनिरुद्ध जैन जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रदीप सिंह ठाकुर तथा दिग्विजय सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने इंटरशिप कर रहे छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं एवं विधिक सेवा संस्थानों के कार्यप्रणाली के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही विधिक सेवाओं से संबंधित आईईसी सामग्री एवं साहित्य भी प्रदान किया गया। इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विधि के छात्रों को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, मजिस्ट्रेट एवं सत्र न्यायालय, वृद्धाश्रम, बाल कल्याण समिति, बाल गृह, किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जर्वेशन होम, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग, मध्यस्थता केंद्र ले जाया जाकर संबंधित संस्थाओं की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा।

## बरगी क्रूज हादसे के दिवंगतों की आत्मा को शांति के लिए रामपुर से जीसीएफ चौक तक निकला कैंडल मार्च

**जबलपुर।** बरगी डेम में हुई कैंडल क्रूज दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए रामपुर चौक से जीसीएफ चौक तक मौन कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग प्रशासन से की। कैंडल मार्च का आयोजन शिवसेना प्रमुख ठाडेश्वर महावर के नेतृत्व में किया गया। इसमें अमित दुबे, काशी बैन, पप्पू प्रजापति, दिलीप सिंगरौरे, छोटू तिवारी, शेषमणि पटेल, बाबूलाल तिवारी, माया कनोजिया, संध्या पटेल, अमरदेव यादव, विनिता राठौर, शशि सिंगरौर, नमामी शंकर महावर, संदीप तिवारी, दयाशंकर, देवलाल, राकेश यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।



## बरगी हादसे के दिवंगतों को गौ माता चौक पर दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** बरगी क्षेत्र में हुई हृदयविदारक घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गौ माता चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने एकत्र होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। महिला मंडल अध्यक्ष भावना गुप्ता ने बताया कि इस दुखद घटना से पूरा क्षेत्र शोकाकुल है और सभी लोग मिलकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। सभा में अपर्णा गुप्ता, श्वेता, आभा, सपना, पूर्णिमा, नीरज (एस्ट्रो), नीरज (मदन महल), नीरज (कटंगा), संजय, कमलेश, राकेश एवं दिगंबर गुप्ता सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



## सर्वम शक्तिमयम' अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस संपन्न, शक्तिपीठों की भूमिका पर हुआ मंथन

**जबलपुर।** त्रिपुरी शोध पीठ और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'सर्वम शक्तिमयम' का समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रेक्षा भवन में हुआ, जिसमें शक्तिपीठों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भूमिका पर विद्वानों ने विचार प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस में "शक्ति" विषय पर शोध पत्रों का भी वाचन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, प्रो. रजनीश शुक्ला (संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी), आध्यात्मिक वक्ता स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती तथा मुख्य वक्ता प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा (राजस्थान विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दिलीप सिंह हजारी (प्राचार्य), डॉ. नितिन पटेल तथा अन्य शोधार्थियों की उपस्थिति में किया गया। प्रो. राजेंद्र शर्मा को त्रिपुरी शोध पीठ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर "त्रिपुरी शोध पीठ अमरीका" का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरंद सिंह "नीर", डॉ. राजा तिवारी एवं डॉ. अर्चना शाने ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन निरंद सिंह "नीर" द्वारा किया गया।



## पाइप लाइन में कम प्रेशर से आ रहा है पानी, वार्ड वासी परेशान

**बरेला।** ग्रीष्म काल में घटते जल स्तर की वजह से ट्यूब बेलों में पानी का लेवल डाउन हो रहा है जिसकी वजह से पाइपलाइन में प्रेशर भी कम हो गया है जिसके कारण लोगों को पानी भरने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 14 में बजरंग बाल विहार के आसपास रहवासीघरों के पाइपलाइन में पानी का प्रेशर कम होने से नलों में पानी की मात्रा कम हो गई है इसकी वजह से पानी भरने में समय लग रहा है अपित प्रेशर कम होने से घरों में संचित पानी की मात्रा भी कम हो रही है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 9 के रहवासी परेशान हैं स्थानीय निवासी राजू गोटिया का कहना है कि उनके घरों में भी आने वाली पाइपलाइन में पानी का प्रेशर कम है इसकी वजह से उन्हें दूसरे घरों से पानी भर कर लाना पड़ रहा है बताया जाता है कि पानी चलने का समय निश्चित है इसकी वजह से पूर्व की तुलना में अब पानी कम आ रहा है जिसके कारण दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय निवासियों ने अविलंब व्यवस्था में सुधार की मांग की है इस संबंध में जल प्रभारी विवेक रैकवार का कहना है कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।



## मेधावी छात्रा अलीजा अनम को वक्फ बोर्ड ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित

**जबलपुर।** शहर की मेधावी छात्रा अलीजा अनम को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा सम्मानित किया गया। अलीजा ने वर्ष 2025 की 10वीं परीक्षा में 97% अंक प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के निर्देशानुसार आयोजित इस सम्मान समारोह में छात्रा को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप भेंट किया गया, ताकि उनकी आगे की पढ़ाई सुगम हो सके। कार्यक्रम भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कमर अली, जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष शमसुल हसन, नसीम बेग, उवैश अंसारी, नवाब आरिफ खान, तनवीर कोटी, मुईन खान और मो. वसीम जफर खान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि अलीजा जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनका यह सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



## एकता समर कैंप में बच्चों ने सीखी जीवन जीने की कला

**जबलपुर।** नेपियर टाउन स्थित शिव स्मृति भवन में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'एकता समर कैंप' उत्साहपूर्वक जारी है। शिविर में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सीख रहे हैं। कैंप की शुरुआत प्रतिदिन प्रार्थना और मेडिटेशन से होती है। बच्चों को नैतिक शिक्षा, एकाग्रता, तनाव मुक्त रहने और बड़ों का सम्मान करने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। आर्ट एवं क्राफ्ट के जरिए रचनात्मकता विकसित की जा रही है, वहीं खेल-कूद और नृत्य से उनमें ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। कैंप प्रभारी भावना सेवा केंद्र ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को संस्कारों और प्रकृति से जोड़ना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं राजयोग शिक्षिका बीके वर्षा ने बताया कि राजयोग से बच्चों की स्मरण शक्ति और मानसिक विकास में मदद मिलती है। शिविर में शामिल बच्चों ने इसे रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। अभिभावकों ने भी इसे छुट्टियों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी पहल बताया। यह समर कैंप 7 मई 2026 तक चलेगा, जिसके समापन समारोह में बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा।



## गणना के दौरान भड़का, लाइन अटैच, विभागीय जांच के आदेश

# आरक्षक ने टीआई का वायरलेस छुड़ाकर पटका

**जबलपुर।** पुलिस विभाग ने अनुशासन उस वक्त तार-तार हो गया, जब गौरीघाट थाने में एक सिपाही ने गणना के दौरान थाना प्रभारी के गिरेबान पर हाथ डाल लिया। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, घटना की अधिकारिक जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आरक्षक को तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि गौरीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे सोमवार की शाम को गणना कर रहे थे, तभी उन्होंने सभी आरक्षकों और डयूटी अधिकारियों को ड्यूटी के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आरक्षक अजय लोधी जोर जोर से चिल्लाने लगा। उसने मुंशी के साथ साथ थाना प्रभारी से अभद्र व्यवहार किया। गिरेबान में हाथ डालने की कोशिश की तभी एक सब इंस्पेक्टर ने उसे अलग किया। बताया गया है कि आरक्षक विभाग के ही एक अधिकारी को थाने की एक-एक खबर देता रहा। जिस पर गणना के दौरान टिप्पणी की गई। यही से विवाद बढ़ा, कहा तो यहां तक जा रहा है कि आरक्षक ने जमकर अभद्रता की और टीआई का वायरसेट छुड़ाकर पटक दिया। एफआईआर रुम में कम्प्यूटर उठाकर फेंकने की कोशिश की, जिसे स्टाफ ने पकड़ लिया। टीआई ने एसपी को इस घटना क्रम की जानकारी दी, एसपी संपत उपाध्याय ने वायरलेस सेट पर ही लाईन हाजिर होने के आदेश देते हुए विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए है। इस घटना से पूरा स्टाफ स्तब्ध रह गया।

पुलिस महकमे में चल रही चर्चाओं में यह बात सामने आई कि गौरीघाट थाना में शाम के वक्त गणना चल रही, इस दौरान गणना ले रहे थानाप्रभारी हरिकिशन आटनेरे सभी पुलिस कर्मियों को कार्य संबंधी दिशा निर्देश दे रहे थे। एक-एक पुलिस कर्मी से चर्चा करते हुए थाना प्रभारी ने जैसे की आरक्षक अजय लोधी को उनके कार्य के बारे में समझाना चाहा तभी आरक्षक भड़क गया और अभद्रता करने लगा। थाना प्रभारी ने अनुशासन के दायरे में रहकर बात करने के लिए कहा तो वह सीधे टीआई पर झपट पड़ा और उनकी कॉलर पकड़कर गाली गलौज पर उतारु हो गया। आरक्षक द्वारा की गई अभद्रता से अन्य पुलिस कर्मी कुछ देर के लिए स्तब्ध रह गए।

उधर सूत्रों का कहना है कि आरक्षक अजय लोधी गोरखपुर संभाग से जुड़े एक अधिकारी का चहेता है और थाने की एक-एक खबर वह अधिकारी तक पहुंचाता था। गणना के दौरान जब यह बात सामने आई कि इधर की बात उधर कौन करता है तो आरक्षक भड़क उठा और उसने अनुशासन की तमाम सीमाएं लांघ दी। गणना के दौरान ही टीआई से अभद्रता की और गिरेबान में हाथ डालते हुए उनका वायरलेस सेट छुड़ाकर पटक दिए। थाने के एफआईआर रुम में कम्प्यूटर फेंकने की कोशिश की तो स्टॉफ के लोगों ने पकड़ लिया। इस घटनाक्रम से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। दरअसल टीआई ने इसकी शिकायत एसपी से की तो , एसपी संपत उपाध्याय ने तत्काल वायरलेस सेट पर ही आरक्षक को लाईन हाजिर करने का आदेश जारी किया और मंगलवार को आरक्षकर के खिलाफ विधिवत विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए।

## पॉस्को के आरोपित को न्यायालय ने दी जमानत

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर की एक अदालत ने पॉक्सो में आरोपी बनाये गये एक अभियुक्त को दी जमानत कर दिया है। आरोपी हेमराज पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया था।



इस मामले में केवल सह-आरोपी द्वारा पुलिस हिरासत में दी गई जानकारी और पुलिस को दिए गए उसके स्वयं के अभियोगात्मक बयान के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं है, जो साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य नहीं हैं। जांच के दौरान पहचान परेड आयोजित नहीं की गई थी। पीड़िता ने बीएनएसएस की धारा 183 के तहत दर्ज अपने बयान में आवेदक की संलिप्तता का आरोप नहीं लगाया है। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार यादव, कंचन यादव, उमेश यादव, श्रुति यादव ने पैरवी की।

## चाकूबाजी में 1 घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत चारखंबा छोटी मदार टेकरी गेट के सामने बैठे एक युवक पर एक बदमाश ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चारखंबा छोटी मदार टेकरी निवासी 27 वर्षीय शहबाज अंसारी देर रात करीब 12.05 बजे अपने दोस्त शाहरुख अंसारी एवं अरमान के साथ बड़ी मदार टेकरी मदार गेट के सामने बैठा था। उसी समय सिंधी कैम्प निवासी आमिर आया, जिसके साथ उसका उठना बैठना था जो अब बंद हो गया है इसी बात पर आमिर उसे देखकर गालीगलौज करने लगा मना करने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और दुबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(इ), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## कार्रवाई : जुआ, सट्टा, शराबियों की धरपकड़

# 213 वाहन चालकों से वसूला 79 हजार रुपए जुर्माना

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थ और अवैध हथियार के कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों को भी चिन्हित कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 213 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 79 हजार 100 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 10 आरोपियों पर धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं विवाद करने वाले 62 लोगों के खिलाफ धारा 126/135(3) बीएनएसएस और 18 लोगों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 6 गैरम्यादी, 29 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 54 जमानती वारंट तामील किये गये तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 18 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 45 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 31 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 213 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 79 हजार 100 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

## सौतेल भाई ने अपनी सौतेली बहन के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम बिनैकी में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। बताया गया है कि सौतेली बहन द्वारा अपनी मर्जी से शादी करने के बाद मायके में रह रही थी। इसी बात पर युवक का अपने पिता से विवाद हो गया और पिता व सौतेले भाई ने उसके साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिनैकी पाटन निवासी 28 वर्षीय अभिषेक चौधरी की सौतेली बहन ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। उसने अपने पिता से कहा जब बहन ने शादी कर ली है तो अपने पति के घर मे क्यों नहीं रहती, इसी बात से नाराज होकर उसके पिता लेखराम उसके साथ गालीगलौज करने लगे मना करने पर पिता लेखराम ने मारपीट की एवं सौतेले भाई लकी ने डण्डे से उस पर हमला कर सिर मे चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 118(1), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## खबर संक्षेप

### घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की गई कार्यवाही

**कटनी।** नगर में स्वच्छता एवं सुगम आवागमन व्यवस्था बनाए रखने हेतु शहर के विभिन्न सार्वजनिक मार्ग में अभियान चलाकर घुमंतू मवेशियों पर कार्यवाही का क्रम निरंतर जारी जिसके तहत हाउसिंग बोर्ड, दुगाडी नाला, विश्राम बाबा गेट, सहित कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने से 15 नग घुमंतू मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजने की कार्यवाही की गई। जिससे यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता दोनों में सुधार देखने को मिल रहा है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर को उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु सभी नागरिक सक्रिय सहभागिता निभाएं। कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें, ताकि स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर कटनी के निर्माण का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से प्राप्त किया जा सके।

### पीएम आवास पर अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों पर अनाधिकृत कब्जे के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में इंदिरा नगर गली क्रमांक-7 स्थित स्वर्गीय प्रेमलाल बर्मन एवं स्वर्गीय श्रीमती कमला बर्मन के नाम आवंटित प्रधानमंत्री आवास पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर निगम प्रशासन द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है। निगम के कार्यपालन यंत्री ने सार्वजनिक सूचना के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त हितग्राही दंपत्ति का निधन हो चुका है, जिसके उपरांत संबंधित मकान पर एक व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत निगम प्रशासन को प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा संबंधित व्यक्ति को कब्जा हटाने हेतु नोटिस जारी किया गया। तदोपरान्त 30 अप्रैल 2026 को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही संपादित की गई तथा स्थल पंचनामा तैयार कर भवन को नगर पालिक निगम कटनी के आधिपत्य में लिया गया। साथ ही भवन में तालाबंदी कर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। निगम प्रशासन ने सार्वजनिक सूचना के माध्यम से स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को स्वर्गीय प्रेमलाल बर्मन का वास्तविक वारिस अथवा उत्तराधिकारी है, तो वह नियमानुसार अपना पक्ष सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित प्रेमलाल बर्मन के शासकीय आवासों पर किसी प्रकार का अनाधिकृत कब्जा न करें। किसी व्यक्ति द्वारा इस भवन पर कब्जा करने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही, एफआईआर सहित अन्य दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### रोजाना बदल रहा मौसम लोगों को बना रहा बीमार

**कटनी।** मौजूदा समय में रोजाना मौसम अलग अलग रूप बदला रहा है। कभी धूप तो भी बारिश हो रही है। बदलता मौसम अब लोगों को बीमार बना रहा है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है। मौसम परिवर्तन से सर्दी, जुकाम, बुखार और खांसी से लोग ग्रसित हो रहे है। बच्चों में बीमारी का असर ज्यादा देखा जा रहा है। शहर के अस्पतालों में भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल हो या फिर प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीज रोज पहुंच रहे हैं। इसमें ज्यादातर संख्या संक्रामक रोग के मरीजों की है। बीमारी के पीछे मुख्य वजह तापमान में उतार-चढ़ाव को बताया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते शरीर खुद को नियंत्रित नहीं कर पाता। बदलते मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है। दिन में निकलने वाली तेज धूप से बचें जिससे बीमारियों को अटैक करने का मौका न मिल सके। इस मौसम में बच्चों को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। बदले मौसम से बच्चे डायरिया, बुखार जैसी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। मौसम परिवर्तन होने से अस्पतालों में सामान्य दिनों से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

## बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों की मनमानी से परेशानी

# दुकानों को बनाया गोदामः सड़क पर कारोबार, आवागमन में भारी फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सड़क कारोबार किये जाने से यहां दिन भर लोगों को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। यह समस्या सालो से है लेकिन सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंडी में अतिक्रमण, जाम और गंदगी स्थायी समस्या बनी हुई है। बदहाली और शोर शराबा के बीच रहने की तो स्थानीय सब्जी व्यापारियो की आदत में शुमार हो गया है लेकिन सब्जी खरीदी के लिये पहुंचने वाले जनसामान्य को यहा हद दर्जे की बदइंतजामियां झेलनी पड़ रही है।

दरअसल सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्था से यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों से लेकर सब्जी मंडी में व्यवस्था सुधारने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। सब्जी मंडी में प्रवेश करने के साथ ही आमजनों की परेशानी बढ़ जाती है। समस्या को लेकर जिम्मेदारों अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बारे में यातायात विभाग द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की जाती। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन दुकानदारों ने उपरी कमाई के लिये सिकमी किरायेदार रख लिया है या स्वयं ही सड़क पर दुकान लगा ली जाती हैं जिससे आमजनों को परेशानी होती है। बिलैया तलैया सब्जी मंडी में जाम लगने की मुख्य वजह सड़क पर लग रही दुकानें हैं। सब्जी बेचने वाले सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर सब्जी की दुकान लगा लेते हैं। जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। सब्जी मंडी में दुकान संचालक दुकान का उपयोग गोदाम की तरह और सड़क का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं। दुकान के अंदर सब्जी का स्टॉक रखते हैं और सब्जी को सड़क पर रखकर बेचते हैं।

कुछ दुकान संचालकों ने अपनी स्थाई दुकान के सामने सड़क को ही किराए पर दे रखा है। स्थाई दुकान के सामने जो भी अस्थाई रूप से दुकान लगाएगा, उससे किराया वसूल किया जाता है। नगर निगम की सड़कों को किराए में चलाया जा रहा है। यह सब होने के बाद भी जिम्मेदार उदासीन है। लोग हर दिन सब्जी मंडी में लगने वाले जाम से परेशान होते हैं।



# कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी समिति का औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवक-जावक गेट पर ई-मंडी एप के माध्यम से किसानों को जारी की जा रही प्रवेश पंजी की प्रक्रिया का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मंडी प्रांगण में गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों की नीलामी शेड में रखी कृषि उपज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं मंडी कर्मचारियों से नीलामी प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की। नीलामी स्थल पर उपस्थित किसानों से मंडी में उपलब्ध सुविधाओं एवं भुगतान व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें नीलामी के दिन ही शाम तक अपनी उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा प्राप्त हो जाता है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शेड क्रमांक 2 में गेहूँ की नीलामी प्रक्रिया में भी शामिल हुए और पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मंडी परिसर की बाउंड्री वॉल को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**जिला न्यायालय क्षेत्र से प्रारंभ किया गया रोड मार्किंग कार्य**

# सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात की दिशा में निगम प्रशासन का एक और प्रभावी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के मुख्य मार्गों में रोड मार्किंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत जिला न्यायालय परिसर एवं आसपास के मार्गों से की गई, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों एवं वाहनों का आवागमन होता है।

### बेहतर आवागमन सुविधा

निगम प्रशासन के निर्देशन में संचालित इस कार्य का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूत करना, यातायात संचालन को व्यवस्थित बनाना तथा आमजन को सुरक्षित आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। रोड मार्किंग के माध्यम से सड़कों पर लेन निर्धारण, स्टॉप लाइन, जेब्रा क्रॉसिंग, दिशा संकेत एवं अन्य यातायात संकेतों को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों दोनों को सुविधा प्राप्त होगी। वहीं अनधिकृत रूप से सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

निगम प्रशासन का मानना है कि सुव्यवस्थित रोड मार्किंग से यातायात अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा, दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी तथा व्यस्त मार्गों पर वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित हो सकेगी। विशेष रूप से न्यायालय क्षेत्र जैसे संवेदनशील एवं व्यस्त स्थानों पर यह कार्य नागरिक सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नगर निगम के सिटी ट्रांसपोर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश पवार ने बताया कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से रोड मार्किंग कार्य कराया जाएगा। निगम प्रशासन की यह पहल शहर को आधुनिक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## विकासखंड स्तरीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश



मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (MPSRLM) की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय समस्त मिशनकर्मियों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार मे आयोजित हुई। श्री मोदी ने मिशन कर्मियों से परिचय उपरांत कार्यों की प्रगति एवं आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा के दौरान बड़वारा, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा विकासखण्डों में स्वसहायता समूहों के बैंक खाते खोले जाने के सर्वाधिक प्रकरण लंबित पाए जाने पर गंभीर रूप से संज्ञान लेते हुए श्री मोदी ने संबंधित मिशनकर्मियों को सख्ती से निर्देशित किया कि 31 मई 2026 तक समस्त लंबित स्वसहायता समूहों के बैंक खाते खोले जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कि जो स्वसहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय हैं, उनका शीघ्र सत्यापन कर विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। एसीईओ एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री मोदी ने विकासखण्डवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए नगद साख सीमा (CCL), लखपति दीदी, आजीविका रजिस्टर, स्वसहायता समूह का ट्रांजेक्शन, आंतरिक अंकेक्षण, ऋण वापसी, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन के पंजीयन तथा मुद्रा लोन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित मिशन कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में समस्त जिला प्रबंधक, सहायक जिला प्रबंधक, विकासखण्ड प्रबंधक एवं सहायक विकासखण्ड प्रबंधक उपस्थित रहे।

# वृद्ध महिला तक स्वयं पहुंचीं महापौर, सुनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम में आयोजित महापौर जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आई। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां पेयजल, सड़क, स्वच्छता,प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई।

### तत्काल समाधान के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान एक प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला, जब एक वृद्ध महिला सीढ़ियां चढ़कर ऊपर नहीं जा सकीं। स्थिति को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्वयं नीचे पहुंचीं और महिला से उनकी समस्या जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम में नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे शिकायतों को बिना देरी के समझा गया। महापौर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस दौरान विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे कई मामलों में मौके पर ही कार्यवाही शुरू की गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए यह मंच उपलब्ध कराया गया है,इसका सभी अधिक से अधिक लाभ उठायें।

### तीन दिवसीय विशेष शिविर आज से, विशेष दल गठित

**कटनी।** अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को गति नागरिकों को विकास शुल्क जमा करने की सुविधा प्रदान कर नागरिक मूलभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 में तीन दिवसीय विकास शुल्क शिविर का आयोजन 06 मई से 08 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। कालोनी सेल अधिकारी एवं निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि पूर्व में चिन्हित अनाधिकृत कॉलोनियों के अभिभाषकों एवं संबंधित पक्षों को सूचना जारी कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के क्रम में संबंधित नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा करने हेतु यह विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए विशेष दल का गठन किया गया है।

# पांच स्थलों में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली अधिभार की छूट का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिल सके इस हेतु नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों में लोक अदालत शिविरों का आयोजन करनें के निर्देश दिए है।

राजस्व अधिकारी ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा 9 मई को नगर के प्रमुख पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर शासन निर्देशानुसार अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में नगर निगम, द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत संपत्ति कर के 50,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 50,000 रुपये से अधिक एवं 1,00,000 रुपये तक के प्रकरणों में 50 प्रतिशत छूट तथा 1,00,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार जल उपभोक्ता प्रभार जलकर के 10,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 10,000 रुपये से अधिक एवं 50,000 रुपये तक के प्रकरणों में 75 प्रतिशत छूट तथा 50,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में प्रदान की जाएगी तथा छूट उपरांत शेष राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा की जा सकेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करना अनिवार्य होगा।

## जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, आवागमन भी होगा अधिक बेहतर

# दो वार्डों में 68 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी क्रम में दो कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एमआइसी सदस्यों एवं क्षेत्रीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन, संजू जीवन चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महाराणा प्रताप वार्ड स्थित झिंझरी क्षेत्र में सीसी नाली निर्माण कार्य तथा कावसजी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। लगभग 35 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों के पूर्ण होने पर जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

भूमिपूजन के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके और विकास का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा, जिससे दैनिक जीवन और अधिक सुगम होगा।

### महापौर ने सुनी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड की महिलाओं के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया। महापौर ने महिलाओं से स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के निर्माण में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने और अन्य नागरिकों को भी जागरूक करने की अपील की।

### कन्या के हाथों शुभारंभ

राम जानकी हनुमान वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन बालिका मुस्कान रजक के करकमलों से कराई गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता तथा मेयर इन काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वार्ड वासियों को लगभग 33.05 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। भूमिपूजन के अंतर्गत सड़क एवं विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही आवागमन भी बेहतर होगा।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 12 मई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा न केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित समय पर पहुंचे।

खबर संक्षेप

## ऋषिका त्रिपाठी ने 12वीं कॉमर्स में रचा इतिहास

**पन्ना।** ऋषिका बृजेशकुमार त्रिपाठी ने गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल (च्) हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वह आशादीप विद्यालय, सूरत की छात्रा हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार, समाज और क्षेत्र में खुशी की लहर है। जारी अंकसूची के अनुसार ऋषिका ने कुल 700 में से 675 अंक प्राप्त कर ।1 ग्रेड हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद शानदार रहाकृअंग्रेजी में 94, अर्थशास्त्र में 99, संगठन एवं प्रबंधन में 96, सांख्यिकी में 100, लेखा के तत्वों में 99 तथा सेकरेटेरियल प्रैक्टिस में 95 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें मेधावी छात्रों की श्रेणी में अग्रणी स्थान दिलाया है। मूल रूप से पन्ना धाम से संबंध रखने वाली ऋषिका वर्तमान में सूरत में निवासरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पन्ना के धामी समाज के प्रबुद्धजन, परिजन और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है। उनकी माता राजश्री त्रिपाठी ने बताया कि ऋषिका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अनुशासित रही हैं। उनकी इस सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऋषिका आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं और अपने सपनों को साकार करें।৮

## आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर जनसुनवाई में लगाए आवेदन की आपत्ति प्रस्तुत

**पन्ना।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका भर्ती में कल्पना मुड़हा पति कुम्हार लूनिया निवासी ग्राम ककरहा पोस्ट गिरवारा तहसील देवेन्द्रनगर ग्राम पंचायत सिलगी का है जो अपने आप में स्थाई निवासी बताते है वहीं 29 जून 2025 को आंगनवाड़ी सहायका भर्ती को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था वहीं जो अंतिम चयन सूची जारी हुई उसमें नाम न होने से अन्याय पूर्ण रूप से सूची से वंचित करने का आरोप लगाया तथा अपनी आपत्ती जनसुनवाई में कलेक्टर पन्ना को आवेदन के माध्यम से आपत्ती व्यक्त की है जिसमें आरोप लगाया चयनित आवेदिका को लेकर ग्राम क्षेत्र के वार्ड की निवासी नहीं जबकि नियमानुसार उसी ग्राम व वार्ड की निवासी को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। इस तरह से आंगनवाड़ी सहायका के पद पर जो प्रक्रिया की गई है उसकी निष्पक्ष जांच कराकर कलेक्टर पन्ना से न्याय की मांग की है। देखना यह है कि आखिर इस मामले में जनसुनवाई में दियसे गये आवेदन पर आवेदिका को क्या मिलता है न्याय।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों ने बढ़ाया व्यवसायियों का टेंशन

### कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में एक हजार रुपए की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों पर एक बार फिर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलो ग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एक साथ एक हजार रुपए की रिकॉर्ड वृद्धि की है, जिससे छोटे व्यवसायियों और होटल संचालकों में चिंता बढ़ गई है। हटा में पटेल गैस एजेंसी के मैनेजर दिनेश पटेल ने बताया कि नई दरों के अनुसार, 19 किलो वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर अब 3335 रुपए का हो गया है, जो पहले 2335 रुपए में उपलब्ध था। इसी तरह 5 किलोग्राम वाले छोटे कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भी 261 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। कीमतों में इस भारी उछाल के पीछे पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। लेकिन इसका सीधा असर स्थानीय स्तर पर छोटे व्यवसायियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ना तय माना जा रहा है। नगर के चाय नाश्ता दुकानदारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर पहले से ही मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है, और अब इतनी बड़ी मूल्य वृद्धि ने उनके व्यवसाय पर सीधा असर डाला है। उनका कहना है कि बढ़ी हुई लागत के चलते उन्हें अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे ग्राहकों की संख्या कम हो सकती है और बिक्री प्रभावित होगी। इसी तरह होटल और ढाबा संचालकों ने भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस वर्ष यह तीसरी बार है जब कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं।

पहले हुई मामूली बढ़ोतरी को उन्होंने नजरअंदाज करते हुए अपने खाने-पीने के सामान के दाम स्थिर रखे थे, लेकिन इस बार 1000 रुपए की भारी वृद्धि के बाद कीमतें बढ़ाना अब अपरिहार्य हो गया है। होटल संचालकों के अनुसार, आने वाले दिनों में चाय, नाश्ता, भोजन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा, जिससे महंगाई और अधिक बढ़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक ऊर्जा संकट और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां इसी तरह बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में ईंधन और गैस की कीमतों में और भी उतार-चढ़ाव संभव है। फिलहाल, कमर्शियल गैस सिलेंडर की इस भारी वृद्धि ने स्थानीय बाजार में चिंता और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है।

श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस सुदामा चरित्र सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

# मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिएः पं वीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी की पावन धरा पर ब्राह्मण धर्मशाला में अतुल पन्या भरत पन्या के पूज्य माता-पिता श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमत श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने कथा में बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कोई ग्रंथ नहीं है यह परब्रह्म परमात्मा का अक्षर रूप है। यह हमारे हृदय में भक्ति का जागरण कर हमें मुक्ति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण का मूल विषय ही भक्ति है। इसी मार्ग को अपनाकर हम चौरासी के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। भागवत कथा भक्त और भगवान की कथा है। भक्ति मार्ग और उससे मिलने वाले पुण्य फल मनुष्य को धर्म आस्था और आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं। कथा के प्रताप से ही राजा परीक्षित को सातवें दिन ही मोक्ष मिला। भागवत कथा सुनने से ही पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

सुदामा चरित्र पर बोलते हुए कथा वाचक ने कहा कि सुदामा जी निर्धन थे लेकिन दरिद्र नहीं। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट व्यक्ति दरिद्र होता है जबकि सुदामा जी एक संतुष्ट ब्राह्मण थे। उन्होने कथा में मौजूद श्रद्वालुओं को समझाया कि भगवान की कृपा पाने के लिए हृदय का निर्मल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास आ सकते थे लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। शास्त्री जी ने परीक्षित मोक्ष के साथ सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया। कथा के अंत में भगवान कृष्ण राधा के गीतों पर जमकर फूलों की होली खेली गई जिस पर उपस्थित श्रोताओं महिलाओं बच्चों द्वारा सुन्दर नृत्य कर आनंद लिया।

कथा समापन के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश पुरानी नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, राजीव मोहन पांडे, थाना प्रभारी सुधीर बैगी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सराफ, पार्षद देवेंद्र राय, रीतेश फौजदार, सुनील राय समाजसेवी, रेंजर ऋषि तिवारी सहित नगर व क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रोताओं, रिश्तेदारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## विश्वास और प्रेम ही मित्रता का सच्चा स्वरूप : पं. आशीष कृष्ण शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

समीपस्थ ग्राम हरदुआ मानगढ़ में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर भक्ति, ज्ञान और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान कथावाचक पं. आशीष कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के अनुपम प्रेम व मित्रता का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता दृढ़ता, प्रेम और परस्पर विश्वास की प्रतिमूर्ति होती है। सुदामा जी ने अपने संपूर्ण जीवनकाल में भगवान श्रीकृष्ण से कभी कोई अपेक्षा नहीं रखी। अत्यंत गरीबी और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने मित्र और ईश्वर पर अटूट विश्वास बनाए रखा। पं. शास्त्री ने वर्तमान समय का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के परिवेश में लोग छोटी-छोटी समस्याओं में ही धैर्य खो देते हैं और भगवान पर से विश्वास डगमगा जाता है, जबकि हमें सुदामा जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने इष्ट और सच्चे मित्र पर विश्वास बनाए रखें, एक दिन परिस्थितियां अवश्य अनुकूल होती हैं — जैसा कि सुदामा जी के जीवन में हुआ। उन्होंने आगे बताया कि अंततः भगवान श्रीकृष्ण जैसे सच्चे मित्र की कृपा से सुदामा जी को तीनों लोकों के समान वैभव की प्राप्ति हुई। सुदामा चरित्र के पश्चात पं. शास्त्री ने 24 गुरुओं का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान दत्तात्रेय ने प्रकृति और जीवन से जो भी शिक्षा मिली, उसे ही अपना गुरु मानकर आत्मसात किया। कथा के समापन अवसर पर राजा परीक्षित के मोक्ष, मार्कंडेय ऋषि को प्रलय दर्शन जैसे प्रसंगों का भी वर्णन किया गया, जिसके पश्चात कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा की अनुपम छटा बिखरी रही।

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवक के नाम ठगी का प्रयास

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने एवं धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक आकाश साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 08, विद्यानगर तेंदूखेड़ा द्वारा थाना तेंदूखेड़ा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में बताया गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम एवं फोटो का दुरुपयोग करते हुए इंस्टाग्राम पर एक फर्जी आईडी बनाई गई है। उक्त आईडी के माध्यम से उनके परिचितों एवं अन्य लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की जा रही है। इस कृत्य से न केवल उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि लोगों के साथ ठगी होने की संभावना भी बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा शिकायत पर संज्ञान लिया गया है तथा प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित फर्जी आईडी की तकनीकी जांच कर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही साइबर सेल की मदद से उक्त आईडी को शीघ्र हटवाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्राप्त संदिग्ध मैसेज या पैसों की मांग पर तुरंत विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर पुष्टि अवश्य करें।

## कृष्ण जन्म प्रसंग ने बनवार में जगाया भक्ति का अद्भुत प्रकाश

**बनवार।** समीपी ग्राम लड़ाई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा। कथा के दौरान कथावाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं सजीव वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं और जब-जब धर्म की हानि होती है, तब वे इस धरा पर अवतार लेकर अधर्म का नाश करते हैं। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के अवतरण के समय कारागार के सभी पहरेदार गहरी नींद में सो गए, माता देवकी और वासुदेव की बेड़ियां स्वतः टूट गईं और चारों ओर दिव्य प्रकाश एवं अलौकिक आनंद का वातावरण छा गया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव मंचन भी किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का दृश्य प्रस्तुत हुआ, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। पं. शास्त्री ने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भक्तवत्सल हैं और उन्होंने संसार को असुरों के अत्याचार से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया। उन्होंने कथा के पूर्व भरत प्रसंग का उल्लेख करते हुए अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है, इसलिए जीवन में सदैव विनम्रता और सरलता बनाए रखना आवश्यक है। अहंकारी व्यक्ति को प्रभु की भक्ति प्राप्त नहीं होती, जबकि विनम्र और श्रद्धालु हृदय पर ही ईश्वर की कृपा बरसती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा कथा स्थल भक्ति रस में डूबा नजर आया और श्रद्धालु देर तक भजन-कीर्तन एवं कथा श्रवण में लीन रहे। वातावरण में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



## सुपरवाइजर सर्किल 28 ग्रामीण दमोह के सभी प्रगणकों द्वारा जनगणना कार्य प्रारंभ

**दमोह।** जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण के कार्यक्रम मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के अंतर्गत सुपरवाइजर सर्किल 28 अभाना के पर्यवेक्षक मोहन राय ने बताया कि उनकी सर्कल के सभी 6 प्रगणकों द्वारा एचएलबी क्रमांक 139, 140, 141, 142 ,143 एवं 144 के सभी प्रगणकों मनीष कुमार मेहरा, रामकिशोर प्रजापति, लक्खू यादव, विजेंद्र ठाकुर, सुशील श्रीवास्तव एवं अनूप रोहित द्वारा एचएलओ एप से के माध्यम से मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, सभी भवनों में नंबरिंग का कार्य पूर्ण करने के उपरांत मकान की गणना का कार्य मोबाइल के माध्यम से जारी है। सभी प्रगणकों को उनकी किट, परिचय पत्र ,आदेश, मार्कर पेन आदि सभी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है।

# पन्ना से अमानगंज-सिमरिया मार्ग जर्जर हालात में

### मरहम पट्टी कर गिट्टी डस्ट डालकर चल रही लीपा पोती, रोज वाहन से गिरकर लहूलुहान हो रहे राहगीर, शासन प्रशासन मौन

पन्ना।

अमानगंज से सिमरिया को जोड़ने वाला स्टेट हाईवे ৮-49 इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हालात ऐसे हैं मानो सड़क खुद बीमार होकर स्ट्रेचर पर पड़ी हो और उसकी मरहम-पट्टी केवल गिट्टी और डस्ट डालकर की जा रही हो। प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े दावे खोखले होते जा रहे हैं, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। जहां अमानगंज से सिमरिया स्टेट हाईवे जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुका है, हालात जर्जर और दयनीय हो चुकी है। रोड पर इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि छोटे मोटे वाहन आधे धंस सकते हैं, पन्ना-दमोह मार्ग का पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य वर्ष 2020 से 2022 के बीच मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में किया गया था, उस समय के अनुसार सड़क का निर्माण परिवहन की क्षमता अनुरूप किया गया था लेकिन कुछ ही वर्षों में सड़क की हालत फिर से जर्जर हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी भरकम ओवरलोड वाहन, खासकर जेके सीमेंट प्लांट से जुड़े ट्रांसपोर्ट, इस सड़क को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षमता से अधिक भार ढोने वाले ट्राले और डंपर लगातार सड़क की परतें उधेड़ रहे हैं, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। स्थिति यह है कि छोटे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए इस मार्ग पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं। दुर्घटनाओं की आशंका हर समय बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि अब तक इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। ठेकेदारों द्वारा केवल औपचारिकता निभाते हुए गिट्टी और डस्ट डालकर मरहम पट्टी कर मरमत की जा रही है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती है।

## केंद्रीय विद्यालय हटा में हुआ विद्या प्रवेश कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

केंद्रीय विद्यालय हटा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विद्याप्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा एक के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की संस्कृति तथा शिक्षण व्यवस्था से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रितेश कुमार पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एवं कागज के मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राथमिक शिक्षक शिवमकांत मिश्रा ने विद्याप्रवेश की अवधारणा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षिकाए श्रीमती मानसी श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंबिका शाक्य ने बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करते हुए परिचयात्मक गतिविधियां कराईं। संगीत शिक्षक नवल किशोर मिश्र ने स्वागत गीत एवं संगीतात्मक प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाया।

कला शिक्षक सूर्यकांत भोई द्वारा मंच सज्जा एवं अन्य कलात्मक गतिविधियों में महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। प्राचार्य रितेश कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन सचिन उपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बरगी क्रूज घटना को लेकर युवा कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च




**दमोह।** ग्राम नोहटा में युवा कांग्रेस द्वारा बरगी डैम में हुई हृदयविदारक घटना को लेकर श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दुखद हादसे में दिवंगत हुए मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। कार्यक्रम में यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ष्यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, जिसके जिम्मेदार पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी है, जिन्होंने रिश्वत लेकर बैन क्रूज भी चलने दिए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन विभाग के दिलीप कुमार यादव को हादसे का प्रमुख जिम्मेदार ठहराया और दोनों के इस्तीफे की मांग की। दमोह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी ने कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाये उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण कैडल मार्च में भी जरूरत से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया जिसमें 4 अलग अलग थाना प्रभारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, इसके पीछे उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की तानाशाही बताई। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना अवंति बाई लोधी की मूर्ति के पास बने प्रांगण से होनी थी लेकिन पूर्व मे ही वहाँ पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर दी गई थी। मूर्ति पर माल्यार्पण करने से भी रोका गया था लेकिन दृगपाल सिंह लोधी ने बताया कि यहां पुलिस प्रशासन ने मंत्री जी का आदेश न मानकर स्वविवेक से निर्णय लिया और युवा कांग्रेसियों को माल्यार्पण करने दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने तख्तियाँ भी छीनी जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह इस्तीफा दो रिश्वतखोर मंत्री, मौत का सौदागर वांटेड जैसे नारे लिखें थे। युवा कांग्रेस ने मृतको को एक एक करोड़ रूपये, परिजनों को सरकारी नौकरी, एवं पर्यटन मंत्री और डव को बर्खास्त एवं दोनों पर हत्या के मुकदमे की मांग की। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल लोधी, राव लाखन सिंह, राजा भैया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, गोविन्द तिवारी, अरुण दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रजक, ब्लॉक अध्यक्ष ओपी शर्मा, वीर लोधी, राजा खान, धन सींग गोंड, सचिन तिवारी, अखिलेश सोनी, धर्मेंद्र गोलू तिवारी, श्रीकांत पोर्ते, पूरन लोधी, प्रवीण राय, मोतीलाल यादव मनीष राज, नीलेश लोधी, खुमान सिंह, रवि सोनी, दुर्गेश नामदेव, राघवेंद्र लोधी, शिवम विश्वकर्मा, विनोद सैनी, लकी जैन, खेर सिंह, शंकर सिंह, नवीन सिंघई, इसराइल खान, नरेंद्र प्रताप, वीर पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्राप्त होता है सुलभ व शीघ्र न्याय : प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेषन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश/ प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, जिला अभियंता एमएल साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सुभाष सोलंकी ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 09 मई 2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से लोक अदालत के लाभ एवं विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट की जानकारी आमजन तक पहुंचाये जाने हेतु आज प्रचार वाहन रवाना किये गये हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत का प्रचार करेगें जिससे जन समुदाय अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 20 खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त खंडपीठे पक्षकारों को समझाइस देकर प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित करेंगी।

इस अवसर पर कमलेश भारद्वाज, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में न कोई जीतता है न कोई हारता है अर्थात दोनो पक्षों की जीत होती है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिवक्ताओं का सदैव की भांति इस बार भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## सैकड़ों पेड़ गिरे जगह-जगह बिजली की मैन लाइन-केबल टूटी

# भीषण आंधी तूफान बारिश ने सिहोरा-खितौला में मचाई तबाही

सिहोरा।

शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी और तूफान बारिस शुरू हो गई देखते ही देखते सैकड़ों विशाल पेड़ भरभरा कर गिर गये, जिससे अफरा-तफरी मच गई हादसे में अनेक लोग मामूली रुप से घायल हो गए जिनको अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां सभी का उपचार जारी है। नगर पालिका सहित पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का अमला मैदान में डटा है। सड़क पर खड़े छोटे वाहन भी हवा में उड़कर दूर गिरे।इसके साथ ही घरों में लगे टीन के सेड के साथ अनेक दुकानों के सटर बीच से फट गई।

### मौके पर पहुंचा नगर पालिका विद्युत मण्डल का अमला

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम दौरान अचानक मौसम ने करवट ली जिससे अफरा-तफरी मच गई पुरे क्षेत्र की आपुर्ती पुरी तरह ठप्प हो गई कुछ ही पल में तेज आंधी इतनी विकराल हो गई कि सैकड़ों पेड़ भर भराकर गिर गये। नगर पालिका का अमला जे सी वी मशीन से मुख्य मार्ग पर गिरे पेड़ों को अलग कर यातायात सुचारु करने में जुटा है वही विधुत मण्डल का अमला डी ई अमित विश्वकर्मा के साथ विद्युत लाइन के सुधार में लगा है





### जियो वीपी पम्प की गिरी केनोपी

तुफान वारिस से बचने एंव पेट्रोल डीजल लेने लोग पेट्रोल पम्प के शेड के नीचे खड़े थे अचानक आये तुफान के कारण केन ओ पी बीच का सेड गिरने से अनेक वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कुछ लोग घायल हो गये।इसी प्रकार खितौला मुख्य मार्ग से गुजर रहे आटो के उपर युके लिपटिश का पेड़ गिरने से घन्टो मार्ग अवरूद्ध रहा। हालांकि सवारी बाल बाल बच गई।विद्युत मण्डल में जामुन का पेड़ गिरने से लोग शिकायत कक्ष तक नहीं पहुंच पा रहे।

### विद्युत आपूर्ति ठप्प

तुफान के चलते मैन लाईनों खम्भे पर गिरे पेड़ों के कारण पुरे क्षेत्र की विद्युत आपुर्ती ठप्प हो गई है अधिक्षण यन्त्री अमित विश्वकर्मा दल वल के साथ विद्युत लाइनों को दूरुस्त करने में जुटे हैं नगर के फीडरों से जुड़े कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। तेज हवाओं के कारण कई बिजली के पोल टूटकर गिर गए जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया।



# पर्यावरण संगोष्ठी: स्वच्छ शहर बनाने का लिया संकल्प

**जबलपुर**। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सदस्यों ने शहर को प्रदूषण मुक्त और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने पर विशेष जोर दिया गया तथा महिलाओं ने अनोखे गेम के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। संगोष्ठी में उपस्थित सदस्यों ने अपनी-अपनी कॉलोनियों के साथ पूरे शहर को स्वच्छ रखने का प्रण लिया और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मनोरंजक गतिविधियों का भी आनंद लिया।

कार्यक्रम का संयोजन कौशलेन्द्र महाजन तथा संचालन राजीव चौकसे ने किया। इस अवसर पर रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेन्द्र-कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, देवेंद्र-आशा चौकसे, राजेश-अर्चना जायसवाल, आनंद-नीता महाजन, नीरज-कविता चौकसे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# सिंगाजी ताप विद्युत गृह में आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म शुरू, फ्लाई ऐश प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन और परिवहन के लिए आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। यह पहल नरेंद्र मोदी की पीएम गतिशक्ति परियोजना के तहत की गई है। 630 मीटर लंबे इस प्लेटफॉर्म का निर्माण करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसके माध्यम से फ्लाई ऐश का परिवहन अब विशेष कंटेनरों और अत्याधुनिक मशीनों से किया जाएगा, जिससे लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, तेज और पर्यावरण अनुकूल बनेगी। पहले फ्लाई ऐश का परिवहन सड़क मार्ग और पारंपरिक रेलवे रैक के जरिए किया जाता था, जिससे प्रदूषण की संभावना अधिक रहती थी। नई व्यवस्था से इन समस्याओं का समाधान होगा और प्रदूषण में कमी आएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म परिचालन दक्षता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण और लागत प्रभावशीलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कंपनी द्वारा यह पहल लॉजिस्टिक्स सुधार, अवसंरचना सुदृढ़ीकरण और फ्लाई ऐश के बेहतर उपयोग की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## वंदेमातरम राष्ट्र गौरव नेतृत्व सम्मान 8 मई को

**जबलपुर**। अंतर्राष्ट्रीय वंदेमातरम मंच द्वारा "वंदेमातरम राष्ट्र गौरव नेतृत्व सम्मान" समारोह का आयोजन 8 मई 2026, शुक्रवार को सायं 5 बजे साहित्य परिसर, कचनार सिटी में किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद नयन (संस्थापक अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रसंग संस्था) को उनके प्रेरणादायी और नेतृत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति अभिलाष पांडे उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने शहर के गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# महापौर की समीक्षा बैठक: स्वच्छता, जल आपूर्ति और जल निकासी को लेकर हुए अहम फैसले

**जबलपुर**। शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और आने वाले ग्रीष्म व वर्षा ऋतु की चुनौतियों से निपटने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्वास्थ्य एवं जल विभाग की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में नाइट स्वीपिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारी को फील्ड में भेजकर आकस्मिक जांच कराने के निर्देश दिए गए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अगले माह 80 नई सीएनजी कचरा



गाड़ियां जोड़ी जाएंगी तथा सफाई मित्रों और मशीनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। गर्मी के मौसम में जल संकट से बचाव के लिए पाइपलाइन विस्तार, बोरिंग कार्यों को समय पर पूरा करने, जल टंकियों को पूर्ण क्षमता से भरने और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या रोकने के लिए शहर के सभी नालों की सफाई के साथ ओमती नाला और मोती नाला का विस्तार किया जाएगा। वर्षाजल निकासी में बाधा बनने वाले नालों पर हुए अतिक्रमणों को भी हटाया जाएगा। महापौर ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जल संकट और जलप्लावन की समस्या में काफी कमी आई है और इस वर्ष पहले से बेहतर तैयारी कर नागरिकों को राहत दी जाएगी। बैठक में निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## भजन गायिका शहनाज अख्तर ने 21 गरीब कन्याओं का विवाह कराया

**जबलपुर**। शहर में भजन गायिका शहनाज अख्तर के द्वारा मंगलवार को अधारताल स्थित गोकुलधाम मैरिज गार्डन में 21 गरीब कन्याओं का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। शहनाज अख्तर ने वर वधू को गृहस्थी का समान दिया और साधु संत महात्माओं ने दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शहनाज ने बताया कि माता रानी के जागरण के दौरान जो पैसा या धन मिलता है उसे धर्म के काम में लगाना पुण्य का काम कहलाता है, भजन गायिका शहनाज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे शुभ और पुण्य कार्य वह करती रहेगी।

# सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : डीईओ

### निजी विद्यालयों की बैठक में निर्देश

**जबलपुर**। जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर घनश्याम सोनी के निर्देशन में आज संस्कृति थियेटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, जबलपुर में सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विद्यालयों में स्वच्छता, गुणवत्ता शिक्षा, छात्रहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से विद्यालयों को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत परिसर की स्वच्छता बनाए रखने, नामांकन वृद्धि हेतु सक्रिय प्रयास करने, पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य रूप से लागू करने तथा पानी की टंकियों की नियमित सफाई को डब्ल्यूओडब्ल्यू ऐप के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय उक्त बिंदुओं पर समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आयोजित बैठकों में संबंधित प्राचार्य की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी एवं किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक के दौरान जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, बीआरसी राजेंद्र उपाध्याय, बीआरसी आशीष श्रीवास्तव, बीएसी अजय रजक, आलोक शर्मा, प्राचार्य प्रकाश पालीवाल, जी.पी. झारिया, प्रवीण झरिया सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।




## बंगाल में भाजपा की जीत पर भेड़ाघाट में मना जश्न

**भेड़ाघाट**। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत, विशेषकर बंगाल में सफलता के बाद भेड़ाघाट क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विघासागर दुबे, जिला महामंत्री ओमनारायण दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को भी हार्दिक बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के विश्वास की जीत बताया।

**नाम सुधार सूचना**

में तूबा खान (Tooba Khan) पिता रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan)1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर की निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम Tooba Khan है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Tuba Khan अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और मार्कशीट मेरा नाम Tooba Khan हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में तूबा खान (Tooba Khan) लिखा एवं पढ़ा जाये।

**नाम सुधार सूचना**

में रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) पिता अब्दुल कादिर खान 1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर का निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम रईस उर रहमान खान (Raees Ur Rehman Khan) अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में रईसुर रहमान खान लिखा एवं पढ़ा जाये ।



**श्री सुरिन्दर सिंह पांधे**- हाथीताल गुरूवारा कम्पाउंड निवासी श्री हरदेव सिंह पांधे के भ्राता एवं मिंकू व टिंकू सिंह पांधे के पिता श्री सुरिन्दर सिंह पांधे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दीप्ति खंपरिया**- जगदम्बा कॉलोनी अहिंसा चौक के पास निवासी श्री दीप कुमार खंपरिया की धर्मपत्नी श्रीमती दीप्ति खंपरिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार गुप्ता**- सरकारी कुआं प्रेमसागर रोड घमापुर निवासी श्री शिव कुमार गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवींद्र कुमार सोनी**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री रवींद्र कुमार सोनी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण मोहन तिवारी**- गली नं. 5, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री कृष्ण मोहन तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लखन सिंह ठाकुर**- नक्षत्र नगर कटंगी रोड निवासी श्री लखन सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री विशाल चौधरी**- शंकर चौक बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री मनोहर चौधरी के पुत्र श्री विशाल चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल कुशवाहा**- फारेस्ट कॉलोनी पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल कुशवाहा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला बेन**- सेवक की दुकान के पीछे आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया बाई रैकवार**- शास्त्री विहार कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री काशी प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई रैकवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रज्जो बाई सोनकर**- राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री शंकर सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जो बाई सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमेश कुमार खटीक**- मुड़वारा कटनी निवासी श्री मुन्ना लाल खटीक के पुत्र श्री उमेश कुमार खटीक (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परम लाल सेन**- बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री परम लाल सेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तमारू दास भार्वे**- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री तमारू दास भार्वे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्रम समुंद्रे**- बेलबाग पुलिस क्वाटर्स के पीछे निवासी श्री मदन लाल समुंद्रे के पुत्र श्री विक्रम समुंद्रे (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 8x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## चुनाव समिति से निरस्त नामांकनों पर पुनर्विचार करने की मांग

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनावों को लेकर मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश भर के लगभग 18 जिलों एवं 9 तहसील बार संघों के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित वकीलों ने चुनाव में 12 प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म असंवैधानिक तरीके से निरस्त किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने एकमत होकर इस निर्णय की निंदा की और चुनाव समिति से इन नामांकनों पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।बैठक में मतदाता सूची की विसंगतियों पर भी चर्चा की गई। परितोष त्रिवेदी के अनुसार, प्रदेश भर में लगभग 40 से 50 हजार अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित किया है कि हर वैध मतदाता को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी तकनीकी कारण से उन्हें इससे वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में पारित प्रस्ताव की प्रति शीघ्र ही मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची में सुधार के लिए पुनर्विचार का निवेदन किया जाएगा। हाईकोर्ट बार

**नाम सुधार सूचना**

में अमान उर रहमान खान (Amaan Ur Rahman Khan ) पिता रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan ) 1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर की निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम अमान उर रहमान खान (Amaan Ur Rahman Khan ) है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Aman Ur Rahman Khan अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और मार्कशीट मेरा नाम (Amaan Ur Rahman Khan) हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में (Amaan Ur Rahman Khan) लिखा एवं पढ़ा जाये ।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/251/अ-6/2026-27
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मधुमिता मुखर्जी पति श्री सुबीर मुखर्जी नि.-4557/2 इस्ट घमापुर जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-26 प्लाट नं.-3/20 रकवा-551 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-551 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-16/05/2005 मृत्यु दिनांक-25/12/2016, 20/09/2022, 22/09/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र-खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-26 प्लाट नं.-3/20 रकवा-551 व.फु.हे. / ग्राम-सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-551 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/04/2026
पेशी दिनांक-18/05/2026
मुद्रा — तहसीलदार रांझी, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/248/अ-6/2026-27
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमा पति स्व. करमचन्द नि.-समदड़िया काम्पलेक्स के सामने जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा-1500 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-292/1, 302/2, 303, 304, 305/1 एवं 299/3 रकवा-1500 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-01/05/1986 मृत्यु दिनांक-21/07/2015 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा-1500 व.फु.हे. / ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-292/1, 302/2, 303, 304, 305/1 एवं 299/3 रकवा-1500 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/04/2026
पेशी दिनांक-18/05/2026
मुद्रा — तहसीलदार रांझी, जबलपुर